Bharat Temples

लेलो लेलो रे बिके बेदाम,
मिठाई पचरंगी ।।

लड्डू में गणराज बिराजे,
घेवर गिरजा माई,
मावाबाटी महादेव जी,
सर पे गंगा माई,
मिट जायेंगे पाप तमाम,
मिठाई पचरंगी,
लें लो लें लो रे बिके बेदाम,
मिठाई पचरंगी ।।

हलवे में हनुमान बिराजे,
पेड़ा लक्ष्मण भाई,
पेठे में हे भरत शत्रुघ्न,
बर्फी सीता माई,
रसगुल्ला बने श्री राम,
मिठाई पचरंगी,
लें लो लें लो रे बिके बेदाम,
मिठाई पचरंगी ।।

कलाकंद में कालभैरव,
फेनि खपर वाली,
नुक्ती में नो दुर्गा मैया,

करती है रखवाली,
सब बिगड़े बनाये काम,
मिठाई पचरंगी,
लें लो लें लो रे बिके बेदाम,
मिठाई पचरंगी ।।

कृष्णकरण जी बने सुहाने,
जैसे चन्द्रमा आधा,
दूध मलाई घुट गई तो,
रबड़ी बन गई राधा,
बालूशाही बने बलराम,
मिठाई पचरंगी,
लें लो लें लो रे बिके बेदाम,
मिठाई पचरंगी ।।

श्रीखण्ड में श्रीहरि तो,
ब्रम्हा बेसन चक्की,
मखनबड़े में ओम छुपा है,
करलो जल्दी नकी,
सब चीजें बनी सरे आम,
मिठाई पचरंगी,
लें लो लें लो रे बिके बेदाम,
मिठाई पचरंगी ।।

गुलाब जामुन गुरु समझ कर,
कंठक में अटकालो,
इंद्र इमरती फिर न मिलेगी,
चाँद जलेबी खालो,

मिल जाये प्रभु का नाम,
मिठाई पचरंगी,
लें लो लें लो रे बिके बेदाम,
मिठाई पचरंगी।।

धर्म तराज़ू के पलड़े में,
श्रद्धा बाँट चडालो,
जो मन भाये वही मिठाई,
अपने हाँथ उठालो,
मिल जाये हरी का नाम,
मिठाई पचरंगी,
लें लो लें लो रे बिके बेदाम,
मिठाई पचरंगी।।

लेलो लेलो रे बिके बेदाम,
मिठाई पचरंगी।।

Upload By
Vasudev ji
9893384896

Source: https://www.bharattemples.com/le-lo-re-bike-bedam-mithai-pachrangi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw